कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांकजी0बी0/दो(17)2017/ 982 भोपाल, दिनांक 8/5/2017

## ई–निविदा सूचना

पेपर सील के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित मल्टीकलर प्रिंटिंग, पैकिंग, नम्बरिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में जीवित पंजीकृत मुद्रक जो इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में भी जीवित पंजीकृत है, से गोपनीय कार्य हेतु आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाईट https://mpeproc.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक ***22–5–2017*** को अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्डकापी, पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक ***22-5-2017*** को अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से आनलाईन डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. किसी भी प्रकार का संशोधन/ सुधार/ परिवर्तन होने की सूचना ***https://mpeproc.gov.in एवं www.govtpressmp. nic. in*** पर उपलब्ध रहेगी।

नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.

# Key Dates and Time

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading end date | : | 11.00 AM on 22-5-2017 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | : | 2.00 PM on 22-5-2017 |
| 3. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Bids. | : | 3.00 PM on 22-5-2017 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 3.30 PM on 22-5-2017 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids. | : | 4.00 PM on 22-5-2017 |

# तकनीकी विवरण एवं शर्तें

| स | सील का नाम | विवरण | संख्या | पेपर का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **ग्रीन पेपर सील** | आकार– 25.5 X 3.5 सेमी, **हरा रंग**, पृष्ठ भाग पर यूनिट नम्बर अंकित होगा, आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगा, नम्बरिंग अंकित होगीं। । | **1,00,000 नग** | वन साइड मल्टीकलर प्रिटिंग, 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर |
| 2 | **ए.बी.सी.डी. (स्ट्रिप सील) पेपर सील** | आकार– 60 X 2.5 सेमी, **पीला रंग**, अग्र भाग पर अल्फा न्यूमेरिक नम्बर अंकित होगा, ए.बी.सी. डी. के अंकन स्थान पर स्टीकर लगाना होगा, आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगा, नम्बरिंग अंकित होगीं। | **1,00,000 नग** | वन साइड मल्टीकलर प्रिटिंग, 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर |
| 3 | **डी.एम.एम. पेपर सील** | आकार– 30 X 3 सेमी, **आसमानी रंग**, पृष्ठ भाग के दोनों कार्नर पर 3X3 सेमी का स्टीकर लगाना होगा, आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगा, नम्बरिंग अंकित होगीं। | **50,000 नग** | बोथ साइड मल्टीकलर प्रिटिंग, 100 जी.एस. एम. आर्ट पेपर |

1. उपरोक्त तकनीकी विवरण की सामग्री के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित मल्टीकलर प्रिटिंग, पैकिंग, नम्बरिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में जीवित पंजीकृत जो इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत प्रिन्टरों है से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाईट से ऑनलाईन निविदा के अन्तर्गत पेपर सहित मुद्रण, नम्बरिंग एवं अन्य कार्य की समस्त कर सहित निविदाएं दिनांक **22-5-2017** अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की–डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तकनीकी निविदा के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–

1.1 निविदा प्रपत्र के रूप में राशि रूपये 2,000/– का डिमांड ड्राफ्ट नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर प्रस्तुत करना होगा। एवं ई. एम.डी. के रूप में बारह माह की अवधि का राष्ट्रीयकृत बैक का राशि रूपये 10,000/– का एफ.डी.आर. नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर हार्डकापी के संलग्न मूलतः प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1.2 आई.बी.ए में जीवित पंजीयन का प्रमाण पत्र

1.3 फर्म का जीवित स्थापना पंजीयन संबंधी प्रमाण

1.4 इस कार्यालय में जीवित पंजीयन होने का प्रमाण

1.5 वाणिज्यिक कर विभाग का जीवित पंजीयन प्रमाण

1.6 पेन कार्ड की छायाप्रति

1.7 अद्यतन भुगतान किये गये टेलीफोन एवं बिजली देयक की प्रति।

1.8 उपरोक्त तकनीकी विवरण अनुसार नमूना तैयार कर अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित संलग्न करना होगा।

1.9 तकनीकी निविदा एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप निविदाकार के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

1.10 उपरोक्त मुद्रण के उपयोग में लाये जाने वाले पेपर नमूनें पर पेपर निर्माता मिल का नाम, जी.एस.एम.,निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

2. विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा का तकनीकी भाग दिनांक **22-5-2017** को अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. तकनीकी निविदा के पात्र निविदाकारों की कामर्शियल भाग की–डेट्स अनुसार दिनांक **22-5-2017** को अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

4. उपरोक्त विवरण अनुसार सम्पूर्ण सामग्री 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर एवं 100 जी.एस.एम. आर्ट पेपर अच्छी गुणवत्ता के पेपर पर मुद्रित की जाना है। पेपर सहित प्रूफ का अनुमोदन विभाग से कराने हेतु कार्यादेश प्राप्ति के 2 दिवस के अंदर 2 सेम्पल राज्य निर्वाचन आयोंग, भोपाल कों प्रस्तुत करना होगा। सामग्री का प्रदाय सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से अनिवार्यतः 10 दिवस के अन्दर मुद्रित कर विभाग को प्रदाय करना होगा। समय–सीमा में किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना सम्भव नहीं होगा।

5. **प्रोसेसिंग फीस रूपये 250=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाईन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउन लोड किया जा सकेगा।**

6. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी समस्त सामग्री मुद्रक को वापस लेना होगी तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार मुद्रण कर प्रदाय की जाना होगी। इस संबंध में होने वाला समस्त व्यय मुद्रक को वहन करना पड़ेगा।

7. सामग्री का प्रदाय भोपाल में किया जाना है। प्रदाय की जाने वाली सामग्री को सुव्यवस्थित प्लास्टिक लिफाफे में 100–100 की पैकिंग करना होगा एवं उसे कार्टून में पैक कर प्रदाय करना होगा। पैकिंग इस प्रकार की जाय कि सामग्री प्रदाय स्थल तक बिना क्षति के एवं गोपनीयता के साथ प्राप्त हो सके एवं उनका अन्य को वितरण सुरक्षात्मक रूप से किया जा सके। मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक नमूनें

सहित देयक सत्यापन हेतु विभाग को प्रस्तुत करना होंगे। सत्यापन पश्चात् देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक किया जावेगा।

8. मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, माल प्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण–पत्र के साथ नमूनें सहित देयक तीन प्रतियों में सत्यापन हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर किया जायेगा।

9. गुणवत्ता में कमी एवं प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में मुद्रित सामग्री स्वीकार्य नहीं होगी एवं विलम्ब की स्थिति में प्रति दिवस 0.5 % तक शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

10. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि की 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल अनुबंध निष्पादित करना होगा।

11. शासन द्वारा समय–समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

12. मुद्रक को प्रिंट लाईन संक्षिप्त में विभाग के अनुमोदन अनुसार अंकित करना होगा।

13. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का होगा।

14. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत पंच निर्णय हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। पंच निर्णय हेतु आर्बिट्रेशन एवं काउंसिलिएशन एक्ट 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

<u>नोट</u> :– निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

**नियंत्रक,**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल.**